Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 03 October 2024

Inext Page - 02, 04

टीचर्स की कमी से क्लास नहीं रहेगी खाली

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (2 Oct): दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में अब टीचर्स की कमी के चलते क्लास खाली नहीं जाएगी. इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बेसिक-पे पर कांट्रैक्ट के जरिए असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति का निर्णय लिया है. जल्द ही 50 असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा. दरअसल, यूनिवर्सिटी में सेल्फ फाइनेंस मोड में संचालित होने वाले प्रोफेशनल कोर्सेज में टीचर्स की संख्या बेहद कम है. इसके चलते क्लासेज में तो समस्या आती ही है, रिसर्च व पीएचडी डिग्री शुरू करने में भी दिक्कत आ रही है. ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने असिस्टेंट प्रोफसर की नियुक्ति करने का निर्णय लिया है. नए असिस्टेंट प्रोफेसर्स को बेसिक-पे मिलने के साथ ही रेग्युलर टीचर के बराबर एकेडमिक अधिकार भी मिलेंगे.

जर्नलिज्म में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

यूनिवर्सिटी में संचालित होने वाले जर्नलिज्म, होटल मैनेजमेंट, बीएएलएलबी और एमबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्सेज में इंडस्ट्री की मांग के अनुसार स्टूडेंट्स को तैयार करने के लिए प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की नियुक्ति की जाएगी. यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली है. जल्द ही इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा. योजना में स्थानीय जर्नलिस्ट व होटल कारोबार के स्पेशलिस्ट लोगों को जगह दी जाएगी. इससे जहां छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही फील्ड की प्रापर ट्रेनिंग मिल जाएगी तो वहीं, कोर्स पूरा होते ही उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी करने का चांस भी मिलेगा.

प्रोफेशनल कोर्सेज में पीएचडी

यूनिवर्सिटी में संचालित होने वाले इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर और जर्नलिज्म जैसे प्रोफेशनल कोर्सेज में लंबे समय से रिसर्च शुरू करने की मांग की जा रही है. यहां स्टूडेंट्स पीजी करने के बाद रिसर्च करने के लिए दूसरी यूनिवर्सिटीज में दाखिला लेने को मजबूर होते हैं. छात्रों की लंबे समय से इन कोर्सेज में पीएचडी शुरू करने की मांग रही है. ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीचर्स की नियुक्ति का फैसला लेते हुए अगले सेशन से पीएचडी शुरू करने की योजना बनाई है.

असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति

- इंजीनियरिंग
- एग्रीकल्चर
- फार्मेसी
- बीएएलएलबी
- बीकॉम: बैंकिंग एण्ड इन्श्योरेंश
- जर्नलिज्म
- बीबीए
- एमबीए

प्रो.ऑफ प्रैक्टिस की नियुक्ति

- जर्नलिज्म
- एमबीए
- होटल मैनेजमेंट
- बीएएलएलबी

"यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को सुविधा देने के लिए 50 कांट्रैक्ट बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति की जाएगी. इससे रिसर्च व पीएचडी शुरू करने में मदद मिलेगी. प्रोफसर ऑफ प्रैक्टिस की नियुक्ति से इंडस्ट्री की मांग के मुताबिक स्टूडेंट्स को तैयार किया जा सकेगा. इससे छात्रों को अधिक से अधिक रोजगार के मौके मिलेंगे.

प्रो. पूनम टंडन, वीसी, डीडीयू

अंतरराष्ट्रीय अद्वैत शिविर में प्रतिभाग करेंगे डीडीयू के प्रकाश पाण्डेय

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (2 Oct): पुणे में 6 से 15 अक्टूबर तक आयोजित अद्वैत जागरण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में एलएलबी तीसरे वर्ष के विद्यार्थी प्रकाश पाण्डेय का चयन हुआ है. आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास एवं मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में होने वाले इस शिविर सभी राज्यों के साथ ही तीन देशों के 50 युवा चयनित हुए हैं.

पहले पाए कई पदक

प्रकाश इससे पहले गोरखपुर विश्वविद्यालय का वाद-विवाद एवं भाषण में विभिन्न मंचों पर प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त कर चुके हैं. वे भारत के संसद के केन्द्रीय सभागार में 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी जयंती पर भाषण दे चुके हैं. प्रकाश के चयन पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अहमद नसीम आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है.

त्रिस्तरीय चयन प्रकिया

इस शिविर के लिए अभ्यर्थी को पंजीकरण कराना होता है. इसके बाद प्रतिभागियों को उनके किसी राष्ट्रीय या राजकीय या विशिष्ट उपलब्धि के आधार पर एवं जिज्ञासा तथा अभिरुचि के दृष्टिगत साक्षात्कार लिया जाता है. साक्षात्कार में जवाब और प्रस्तुति के अनुसार शिविर के लिए चयनित किया जाता है.

Amar Ujala Page - 07

'वैष्णव जन तो तेने कहिए' की धुन पर हुए मंत्रमुग्ध

डीडीयू और एमएमएमयूटी में गांधी और शास्त्री पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया।

डीडीयू में कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने केंद्रीय पुस्तकालय में 'बापू' के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर की। इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। मुख्य कार्यक्रम संवाद भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर ललित कला एवं संगीत विभाग के विद्यार्थियों के समूह की ओर से भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' जैसे कई भजनों का गायन किया। इसे सुनकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वराज तथा उनकी आत्मनिर्भर भारत का संदेश हमें आज भी प्रेरणा देता है। लाल बहादुर शास्त्री का सादगी पूर्ण व्यक्तित्व और जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी है।

इसी क्रम में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन में गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'बापू' के तैल चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद उपस्थित कुलपति प्रो. पूनम टंडन व अन्य शिक्षक। संवाद डीडीयू

भाषण प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

डीडीयू में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित हुए भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को कुलपति ने प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में एलएलबी तृतीय वर्ष के प्रकाश पांडेय को प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की खुशी गोंड को द्वितीय एवं बीए तृतीय वर्ष की शिफा वसीउल्लाह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ था। वहीं अंकुर मिश्रा एमए राजनीतिशास्त्र, आर्या त्रिपाठी बीए तृतीय वर्ष, विपुल कुमार एमएससी प्राणिविज्ञान एवं दीपांश त्रिपाठी बीजेएमसी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कर किया माल्यार्पण

जागरूकता रैली को झंडी दिखाते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल व अन्य। संवाद

गोरखपुर। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर निगम ने शहर की मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया। साथ ही चौक चौराहे पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कर उनका माल्यार्पण कर नमन किया। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर जयंती समारोह की शुरुआत की। स्वच्छता रैली एवं मार्च को भी हरी झंडी दिखा रवाना किया। इस सफाई कर्मियों को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया। निगम भवन के सामने से स्वच्छता का संदेश लेकर चाइक रैली और स्वच्छता मार्च को नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके उपरांत रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर लिटिल फ्लावर स्कूल के छात्रों संग पौधरोपण किया। इन कार्यक्रमों में नगर निगम पार्षद, अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह, दुर्गेश मिश्र, मुख्य अभियंता संजय चौहान, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार भाटी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रकाश का अंतरराष्ट्रीय अद्वैत शिविर के लिए चयन

प्रकाश पांडेय।

गोरखपुर। पुणे में 6 से 15 अक्टूबर तक आयोजित अद्वैत जागरण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एलएलबी तृतीय वर्ष के विद्यार्थी प्रकाश पांडेय का चयन हुआ है।

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास एवं मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में यह आयोजन होना है। इस शिविर के लिए भारत के विभिन्न राज्यों समेत तीन देशों के 50 युवा चयनित हुए हैं।

प्रकाश इससे पहले गोरखपुर विश्वविद्यालय का वाद-विवाद एवं भाषण में विभिन्न मंचों पर प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त कर चुके हैं। वे संसद के केंद्रीय सभागार में 2 अक्तूबर 2023 को महात्मा गांधी जयंती पर भाषण दे चुके हैं। संवाद

Super Fast Times

गोरखपुर/गोण्डा/पीलीभीत) गुरूवार 03 अक्टूबर 2024 5

भेदभाव की भावना से ऊपर उठकर देश की करें सेवा : प्रो० पूनम टंडन

धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने केंद्रीय पुस्तकालय में 'बापू' के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। मुख्य कार्यक्रम संवाद भवन में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर महापुरुषों को याद किया। ललित कला एवं संगीत विभाग के विद्यार्थियों के समूह द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन गाए गए। कार्यक्रम में अनेक भजन गाए गए,जैसे गांधी जी का प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीड़ पराई जाने रे', जिसकी धुन ने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य,अहिंसा और स्वराज्य का संदेश और उनका आत्मनिर्भर भारत आज भी हमें प्रेरणा देता है। शास्त्री जी का सरल व्यक्तित्व और उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी है। गांधी जी की समावेशी सोच हमें भेदभाव की भावना से ऊपर उठकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी जय मंगल राव द्वारा संस्कृत और हिंदी में प्रस्तुत महापुरुषों को समर्पित गीतों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कुलपति ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में एलएलबी तृतीय वर्ष के प्रकाश पांडेय ने प्रथम,बीए तृतीय वर्ष की खुशी गोंड ने द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की शिफा वसीउल्लाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि अंकुर मिश्रा एमए राजनीति विज्ञान,आर्या त्रिपाठी बीए तृतीय वर्ष,विपुल कुमार एमएससी जूलॉजी और दीपांश त्रिपाठी बीजेएमसी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

Swatantra Chetna Page - 04

बी.टेक, बीसीए और एमएस में स्पाट काउनसेलिंग

गोरखपुर, संवाददाता-

B.Tech. (IT, ME, ECE) एवं BCA(IoT), BCA(ML&DS), MS(AI) की बची हुई सीटों पर प्रवेश स्पॉट काउनसेलिंग के माध्यम से IET परिसर मे दिनांक 4 अक्टूबर 2024 को 10:00 बजे से 1:00 बजे तक सम्पन्न होगा। विस्तृत जानकारी के लिये अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर सम्पर्क करें। प्रो उमेश यादव, निदेशक, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर

Nirbhik India

विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

- "वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे" की धुन पर मंत्रमुग्ध हुए उपस्थित श्रोता

गोरखपुर, संवाददाता-

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो पूनम टंडन ने केंद्रीय पुस्तकालय में 'बापू' के तैल चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर की। इस अवसर पर शिक्षकगणों एवं कर्मचारीगणों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि दी।

मुख्य कार्यक्रम संवाद भवन में आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पूनम टंडन समेत सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर महापुरुषों को याद किया।

ललित कला एवं संगीत विभाग के विद्यार्थियों के समूह द्वारा गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन किया गया। कार्यक्रम में गाँधी जी के प्रिय भजन *"वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे" जैसे कई भजनों का गायन किया गया, जिसकी धुन पर उपस्थित सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

भेदभाव की भावना से ऊपर उठकर करें देश सेवा: कुलपति

इस अवसर पर कुलपति प्रो पूनम टंडन ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वराज तथा उनकी आत्मनिर्भर भारत का संदेश हमें आज भी प्रेरणा देता है। शास्त्री जी का सादगी पूर्ण व्यक्तित्व और उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादाई है। गांधी जी का समावेशी विचार हमें भेदभाव की भावना से ऊपर उठकर देश सेवा के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी जय मंगल राव द्वारा संस्कृत एवं हिंदी में प्रस्तुत महापुरुषों को समर्पित गीतों ने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को भी कुलपति ने किया पुरस्कृत

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित हुए भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो पूनम टंडन ने प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में एलएलबी तृतीय वर्ष के प्रकाश पाण्डेय को प्रथम, बीए तृतीय वर्ष को ख़ुशी गोंड को द्वितीय एवं बीए तृतीय वर्ष की शिफ़ा वसीउल्लाह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ था। वहीं अंकुर मिश्रा एमए राजनीतिशास्त्र, आर्या त्रिपाठी बीए तृतीय वर्ष, विपुल कुमार एमएससी प्राणिविज्ञान एवं दीपांश त्रिपाठी बीजेएमसी को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रमाणपत्र पाकर सभी प्रतिभागी बेहद उत्साहिति दखे।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने जीरो वेस्ट सेंटर की समझी प्रक्रिया तथा किया श्रमदान

गोरखपुर, संवाददाता-

2 अक्टूबर, गोरखपुर: महात्मा गांधी एवं लाल शास्त्री जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जीरो वेस्ट सेन्टर पर दी.द.उ गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों के द्वारा श्रमदान किया गया तथा तत्पश्चातवनस्पति विज्ञान विभाग की असि.प्रो.एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्मृति मल्ल ने जीरो वेस्ट केंद्र की पूरी प्रणाली को स्वयंसेवकों को समझाया। परिसर के वेस्ट मैनेजमेंट के क्रम में डा. मल्ल ने बताया की विश्वविद्यालय परिसर से सूखे घास व पत्तो को इकट्ठा करके केंद्र पर लाया जाता है तथा उसे मशीन में डालकर छोटे-छोटे टुकड़े में काट दिया जाता है, तत्पश्चात उसमें बैक्टीरियल पाउडर डालकर केंद्र पर बने हौजों में 15 से 20 दिनों के लिए डाल दिया जाता है, इस प्रकार ये बेकार पड़े घास व पत्ते उर्वरक में बदल जाते हैं और उस उर्वरक इसका प्रयोग आर्गेनिक फार्मिंग हेतु किया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह ने बताया कि यह केंद्र महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रहा है, क्योंकि एक तरफ विश्वविद्यालय परिसर के कूड़े की सफाई हो जाती है तो दूसरे तरफ इस उर्वरक से देश में ऑर्गेनिक फार्मिंग को मजबूती मिलेगा। इस प्रकार के केंद्रो का विस्तार संपूर्ण भारत में होना चाहिए क्योंकि इसका सकारात्मक गुणात्मक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, तथा इससे सतत विकास की अवधारणा को बल मिलेगा। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी के सिद्धांतों को जीवित रखते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना था। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ कुसुम रावत तथा विभिन्न स्वयंसेवक सेविकाएं मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई जयंती

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो पूनम टंडन ने केंद्रीय पुस्तकालय में ह्यबापूह्न के तैल चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर की।

इस अवसर पर शिक्षकगणों एवं कर्मचारीगणों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। ललित कला एवं संगीत विभाग के विद्यार्थियों के समूह द्वारा गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन किया गया। कार्यक्रम में गाँधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे जैसे कई भजनों का गायन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो पूनम टंडन ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वराज तथा उनकी आत्मनिर्भर भारत का संदेश हमें आज भी प्रेरणा देता है। शास्त्री जी का सादगी पूर्ण व्यक्तित्व और उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादाई है।